an>

Title: Regarding construction of Ram Mandir in Ayodhya.

श्री चन्द्रकांत खैरे (औरंगाबाद) : अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। प्रभु रामचन्द्र जी की जन्मभूमि अयोध्या है। देश और दुनिया के सारे श्रद्धालुओं, करोड़ों हिन्दुओं की आस्था का प्रतीक राम मंदिर का निर्माण करना है। वहां रामलला की मूर्ति स्थापित है, इसलिए वहां राम मंदिर का निर्माण होना चाहिए, यह सभी लोगों की डिमांड है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया, अभी मैंने शुरुआत की है, मुझे बोलने दीजिए। आज मैं भगवा शर्ट पहन कर आया हूं, मैं इसके लिए बोलना चाहता हूं। सभी लोगों की डिमांड है, सभी श्रद्धालुओं और हिन्दुओं की आस्था है।

अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार को बात बताना चाहता हूं, अब तो मुसलमानों की भी, उनकी ओर से भी...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: वह मामला तो कोर्ट में है न।

â€¦(व्यवधान)

श्री चन्द्रकांत खैरे : मुख्य जो पेटीशनर है,...(व्यवधान)

SHRI N.K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Madam, it is a controversial matter....(*Interruptions*)

श्री चन्द्रकांत खैरे : सम्माननीय हाशिम अंसारी ने भी कहा कि राम मंदिर का निर्माण होना चाहिए।...(व्यवधान) मुझे बोलने दीजिए। ...(व्यवधान) आप भी हिन्दू हैं। ...(व्यवधान)

मैं यह कहना चाहता हूं कि कई मुस्लिम महिलाओं ने भी प्रधान मंत्री जी के कार्यालय में जाकर कहा कि राम मंदिर का निर्माण करिए।...(व्यवधान) कल भी मुंबई में सभी साधु-संतों की उपस्थिति में बहुत बड़ा कार्यक्रम हुआ, विश्व हिन्दू परिषद् का कार्यक्रम हुआ।...(व्यवधान) वहां दोनों शंकराचार्य जी, काशी के शंकराचार्य जी और कांची के शंकराचार्य जी एवं कई लोगों ने कहा कि राम मंदिर का निर्माण होना चाहिए।...(व्यवधान) परमपूज्य जगदगुरू नरेन्द्राचार्य महाराज ने भी कहा कि राम मंदिर का निर्माण होना चाहिए। सारे साधु-संत योगी आदित्य नाथ जी ने भी परसों कहा कि राम मंदिर का निर्माण होना बहुत जरूरी है। ...(व्यवधान) हमने भी जब कारसेवा की, ...(व्यवधान) हमने लाठी भी खाई।...(व्यवधान) राम मंदिर का निर्माण होना चाहिए। ...(व्यवधान) जहां प्रभु रामचन्द्र की भूमि है, वहां राम मंदिर का निर्माण होना चाहिए।...(व्यवधान) ये निर्माण जल्दी-जल्दी करें।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि 13वीं लोक सभा में मैंने एक प्रश्न रेज़ किया था तो प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने कहा कि अपना पूरा बहुमत आने दीजिए, राम मंदिर का निर्माण करेंगे। इसलिए मेरा कहना है कि आज पूरा बहुमत है।...(व्यवधान) 335 अपने सांसद हैं।...(व्यवधान) सभी लोग चाहते हैं कि आदरणीय मोदी जी के काल में राम मंदिर का निर्माण होना चाहिए। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से आदरणीय मोदी जी और अपनी सरकार को यह कहूंगा कि राम मंदिर का निर्माण होना चाहिए। हमारा पूरा बहुमत है, कोई कुछ बोलेगा नहीं।...(व्यवधान) इसके लिए सभी हिन्दुओं की आस्था है, वह आस्था की प्रतीक रामलला की मूर्ति और राम मंदिर का निर्माण होना चाहिए। ...(व्यवधान) धन्यवाद।

SHRI MULLAPPALLY RAMCHANDRAN (VADAKARA): Madam, the matter is *sub judice*. Therefore, it should not be allowed....(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष: श्री अश्विनी कुमार चौबे, श्री केशव प्रसाद मौर्य और श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री चन्द्रकांत खैरे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।